पढ़ाई मात्र नौकरी पाने का लक्ष्य नहीं : प्रो. सिंह

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्ति के उद्देश्यों को समझाना होगा। मात्र नौकरी प्राप्ति के लिए शिक्षा ग्रहण करने की बजाय अपनी जिम्मेदारी का अहसास करते हुए अपने हितों के साथ-साथ, प्रदेश-देश और समाज के लिए सकारात्मक दिशा में कुछ नये प्रयोग करने के लक्ष्य तय करने होंगे। यह बात वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कैम्पस कॉलेज "महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून" में कॉलेज की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई जा रही ऑनलाईन परीक्षा प्रणाली जैसे- ऑनलाइन प्रश्न पत्रों को केन्द्रों तक भेजने की व्यवस्था, ऑनलाइन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ऑनस्क्रीन मूल्यंकित उत्तर पुस्तिकाएं देखने की व्यवस्था से छत्राए खुश नजर आयीं तथा कुछ-एक खांमियों से संबंधित फीडबैक कुलपति को दिए।

कुलपति द्वारा आगामी सेमेस्टर में और अच्छा सुधार किए जाने का आश्वासन छात्राओं को दिया। इस दौरान छात्राओं ने कॉलेज में एनसीसी यूनिट स्थापित करने का अनुरोध किया, जिसे कुलपति द्वारा सहमति देते हुए इस संबंध में निदेशक को कार्यवाही .करने के लिए निर्देशित किया।

कुलपति ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में शत-प्रतिशत पारदर्शिता लाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने युनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है, जिस पर हम आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भी स्पष्ट रूप से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता से छात्राओं के भविष्य को संवारने में अपना शत-प्रतिशत योगदान देना होगा ताकि एक स्वच्छ, अनुशासित शिक्षित समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके और अपने आइडियाज, क्रिएटिविटी को विश्वविद्यालय से साझा करें।

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक प्रो. आरपीएस गंगवार ने कहा कि विश्वविद्यालय, छत्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों को एक अच्छे, मार्गदर्शक मिले हैं, जिन्होंने विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली को नये ढांचे में ढाल कर पारदर्शी तरीके से कार्य करने का काम कर रहें है। इसके साथ ही निदेशक द्वारा कॉलेज में बीटैक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 60 सीटों की क्षमता को बढ़ाकर 120 सीटों की वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय दिया गया है। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी व छात्राएं मौजूद रहे।

UTTARAKHAND RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY (UREDA)
Near Petrol pump Gopeswar Chamoli Uttarakhand (Uttarakhand)
Tel:-01372-252423, E-mail: ureda_chamoli@rediffmail.com

पत्रांक : 84/निविदा /उरेडा-चमोली/2023-24 दिनांक:19-05-2023

"E" Procurement Notice

Bid Identification No - 01/UREDA/Chamoli/LED-SSL/2023-24

1	Name of Work	Supply, Erection and Commissioning of 12 W LED Based Solar Street Lights in District chamoli with 05 years warrantee & comprehensive Annual Maintenance Contract.
2	Estimated Quantity	550 Nos.
3	Period of Completion	03 Months
4	Date & Time of availability of Bid Document in the Portal	20.05.2023 from 10.00 AM
5	Last Date & Time for receipt of bids in the portal	05.06.2023 up to 5.00 PM
6	Proposed Start date of Technical Bid Evaluation	06.06.2023 from 11.30 AM
7	Name & Address of the Officer inviting the bid	Project officer, UREDA, Near Petrol Pump Gopeshwar, Distt-Chamoli(UTTARAKHAND)

Further details can be seen from the e-procurement portal https://uktenders.gov.in. Details of subsequent addendum/corrigendum/cancellation etc. shall be available on this website.

"Save Energy in Personal and National interest"

Project Officer UREDA, chamoli

जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को समय पर